# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

22 मई 2024, बुधवार

**केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पश्चिम बंगाल के कांथी, घाटाल और पुरुलिया में आयोजित जनसभाओं में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु**

**5 चरण के बाद मोदी जी को 310 सीटें मिल चुकीं हैं और ममता दीदी के इंडी अलायन्स का सूपड़ा साफ़ हो गया है**

***************

**इस बार बंगाल की 30 सीटें मोदी जी की झोली में जाने वाली हैं**

***************

**वोट बैंक के डर से ममता दीदी विरोध करती रह गईं, और हमने CAA लागू कर शरणार्थियों को नागरिकता देने का रास्ता खोल दिया**

***************

**ममता दीदी! पुलिस का दुरुपयोग करना बंद कर दो, वरना जनता जो 2-4 सीटें देने वाली है, वे भी चली जाएँगी**

***************

**बंगाल में राजनीतिक हिंसा ने लोकतंत्र को लगभग समाप्त कर दिया है**

***************

**बंगाल घुसपैठियों के लिए स्वर्ग बना हुआ है, दीदी ने वोटबैंक के लिए देश की सुरक्षा ताक पर रखी**

***************

**ममता सरकार में बम बनाने और सिंडिकेट के अलावा सभी उद्योग बंद हैं**

***************

**दीदी का मकसद अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना है और मोदी जी का बंगाल के युवाओं को आगे बढ़ाना**

***************

माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज बुधवार को पश्चिम बंगाल के कांथी और घाटल में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए तृणमूल सरकार पर राजनतिक हिंसा करने और तुष्टीकरण की राजनीति पर जमकर निशाना साधा। कार्यक्रम के दौरान मंच पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री शिशिर अधिकारी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री संजय सिंह नेता प्रतिपक्ष श्री शुभेन्दु अधिकारी, कांथी लोकसभा प्रत्याशी श्री सौमेंदु अधिकारी, घाटल लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी श्री हिरण्मय चटर्जी और पुरुलिया से लोकसभा प्रत्याशी श्री ज्योतिर्मय सिंह महतो सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पांच चरणों का चुनाव समाप्त हो चुका है और आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी 310 सीटें पार कर गए हैं। ममता बनर्जी के इंडी गठबंधन का सूपड़ा साफ हो गया है। इस बार बंगाल में भी 30 सीटें माननीय श्री नरेन्द्र मोदी की झोली में जाने वाली हैं। बंगाल में 30 सीटें आते ही तृणमूल कांग्रेस खंड-खंड हो जाएगी। **इस लोकसभा के चुनाव में दो खेमे हैं, एक ओर आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जो 23 वर्षों तक मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री रहे लेकिन उनपर 25 पैसे के भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा है जबकि दूसरी ओर 12 लाख करोड़ के घोटाले-भ्रष्टाचार करने वाले इंडी गठबंधन और तृणमूल कांग्रेस के नेता हैं। एक ओर आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जो पूरे देश को अपना परिवार मानकर सरकार चला रहे हैं लेकिन दूसरी ओर परिवरवादी घमंडिया गठबंधन है जो सिर्फ अपने परिवार को आगे बढ़ाना चाहता है**। शरद पवार अपनी बेटी को, उद्धव ठाकरे अपने बेटे को, ममता बनर्जी अपने भतीजे को मुख्यमंत्री बनाना चाहती हैं और सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। जो अपने बेटे-बेटियों को मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं वो देश का भला नहीं कर सकते। बंगाल की जनता और देश के गरीबों का भला सिर्फ आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी कर सकते हैं।

श्री शाह ने कहा कि बंगाल की जनता ने 2019 में आदरणीय प्रधानमंत्री जी को 18 सीटें दीं और नतीजा ये हुआ कि वर्षों से अटका राम जन्म भूमि का मुद्दा सुलझ गया। 70 सालों से कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस ने श्री राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा था लेकिन आदरणीय मोदी जी के कार्यकाल के 5 वर्षों में ही फैसला आया, भूमि पूजन भी हुआ और भव्य श्री राम मंदिर भी बनकर तैयार हो गया है। श्री **राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ममता बनर्जी को भी दिया गया था, लेकिन अपने वोट बैंक के डर के कारण वो नहीं गईं। ममता बनर्जी का वोट बैंक घुसपैठिये हैं और भाजपा इन घुसपैठियों से नहीं डरती।** ममता बनर्जी विरोध करती रह गईं, लेकिन भाजपा ने नागरिकता संशोधन कानून पारित करके शरणार्थी भाइयों-बहनों को नागरिकता देने का रास्ता स्पष्ट कर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि **ममता बनर्जी ने गरीबों के पैसों से मस्जिदों के इमामों को वेतन देने का आदेश दिया था, लेकिन ये तो अच्छा हुआ कि हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। चिट फंड घोटाला, चावल वितरण घोटाला, शिक्षक भर्ती घोटाला, गाय तस्करी घोटाला, कोयला तस्करी घोटाला, नगर पालिका भर्ती घोटाला, सिंगूर मामलों में 776 करोड़ का घोटाला, पैसे के बदले सवाल का घोटाला, ममता बनर्जी और उनके सिंडीकेट ने किया है। ये जो करोड़ों रुपये ममता दीदी और उनकी सिंडिकेट लेकर गई है, भाजपा सरकार बनने के बाद ये पूरी सिंडिकेट जेल में जाने वाली है।** माननीय मोदी जी ने 10 साल में बंगाल सरकार को 9 लाख 25 हज़ार करोड़ रुपया भेजे हैं, एक रुपया भी जनता के पास नहीं पहुचा। भ्रष्टाचार करने वाले एक-एक लोगों की खैर नहीं है, अभी 5 मंत्री जेल में गए हैं। जिस-जिस ने गरीबों का पैसा खाया है, उसे जेल में डालने का काम आदरणीय मोदी जी करने वाले हैं। कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन मुसलमानों को आरक्षण देकर पिछड़े, दलित और आदिवासियों का आरक्षण छीनना चाहते हैं लेकिन जबतक श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं, कोई भी पिछड़े, दलित और आदिवासियों के आरक्षण को नहीं छीन सकता। भाजपा सरकार ने पुरुलिया ने 10 किलोमीटर का 4 लेन पुरुलिया बाईपास बनाया, 80 करोड़ की लागत से पुरुलिया और कोटशिला रेलवे स्टेशन नए बन रहे हैं, मेडिकल कॉलेज बनाया, शहर के भारत सेवाश्रम संघ में एक पार्क बनाने का कार्य किया, पुरुलिया जंक्शन नया बन रहा है, 10 हजार पक्के घर दिए, 4 लाख 50 हजार गैस कनेक्शन दिए, 5 लाख 50 हजार किसानों को मानरेगा के तहत मजदूरी दी।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस देश को आतंकवाद से मुक्त कराया है। सोनिया-मनमोहन की सरकार में आए दिन पाकिस्तान से आतंकी आकार बम धमाके करके चले जाते थे और सरकार कुछ नहीं करती थे। भाजपा सरकार में पुलवामा और उरी में आतंकियों ने हमला करने की गलती की, 10 दिनों के भीतर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पाकिस्तान के घर में घुसकर सर्जिकल और एयरस्ट्राइक करके आतंकियों को खत्म कर दिया। **ममता दीदी और कांग्रेस डराते हैं कि पाक अधिकृत कश्मीर की बात मत करिए, क्योंकि पकिस्तान के पास एटम बम हैं। भाजपा सरकार एटम बम से डरने वाली नहीं है, पाक अधिकृत कश्मीर भारत का है और हम उसे लेकर रहेंगे।** उन्होंने कहा कि **ममता बनर्जी हार से जबरदस्त डरी हुई हैं, इसी डर से शुभेन्दु अधिकारी के घर बंगाल पुलिस ने रेड की है। ममता बनर्जी के मंत्री के घर से ₹51 करोड़ मिले जबकि श्री शुभेन्दु अधिकारी के घर से 4 आना भी नहीं मिला।** यह 51 करोड़ बंगाल के युवाओं के हक का पैसा है। ममता दीदी पुलिस का दुरुपयोग बंद कर दो, नहीं तो बंगाल की जनता जो एक-दो सीटें देने वाली है वो भी नहीं देगी। ममता दीदी शुभेन्दु अधिकारी पर जितना अत्याचार करेंगी, भाजपा उन्हें उतना ही बड़ा व्यक्ति बनाएगी। **बंगाल में राजनीतिक हिंसा ने लोकतंत्र को लगभग समाप्त कर दिया है, पंचायत के चुनावों में 200 से ज्यादा लोग मारे गए लेकिन इस बार 5 चरणों के चुनाव में ममता बनर्जी के गुंडे किसी का बाल भी बांका नहीं कर पाए। इस बार चुनाव आयोग ने फ्री एंड फेयर मतदान की व्यवस्था की है।**

श्री शाह ने कहा कि ममता बनर्जी "**मां, माटी और मानुष**" के नारे के साथ आईं थी और देखते-देखते वो नारा **"मुल्ला, मदरसा और माफिया"** में बदल गया। **बंगाल घुसपठियों के लिए स्वर्ग बन चुका है और बंगाल की घुसपैठ न केवल पश्चिम बंगाल के लिए, बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। जिस तरह से ममता बनर्जी जनसांख्यिकी को बदल रहीं हैं, यह बहुत बड़ा पाप है। वोटबैंक के लिए ममता बनर्जी देश की सुरक्षा को ताख पर रख रहीं है।** उन्होंने कहा कि बंगाल से कट मनी, भ्रष्टाचार और सिंडीकेट को केवल आदरणीय नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बंद कर सकती है। एक बार भाजपा को 30 से ज्यादा सीटें आप जीता दिजिए, यहां से हम गाय की तस्करी, कोयला की तस्करी और घुसपैठ को इस प्रकार से बंद करेंगे कि परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा। ममता की सरकार घुसपैठियों से प्यार और सीएए पर वार कर रही है। बंगाल की जनता एक बार भाजपा की सरकार बना दे, सीएए तो जमीन पर उतरेगा ही घुसपैठ भी बंद हो जाएगी। **बंगाल में ममता के शासन में आज घुसपैठियों के वोटर कार्ड, राशन कार्ड और आधार कार्ड बन रहे हैं, एक बार बंगाल में भाजपा सरकार बन जाए तो केवल बंगाल के बेटे-बेटियों को ही वोटर कार्ड, राशन कार्ड और आधार कार्ड मिलेगा।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **बंगाल में हर प्रकार के उद्योग चौपट हो गए हैं, केवल बम बनाने और सिंडिकेट का उद्योग चल रहा है। आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की सारी योजनाओं को ममता बनर्जी बंगाल में रोककर बैठी हैं।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बिहार में 87 लाख गरीबों का घर बने और बंगाल में सिर्फ 38 लाख ही बने। जल जीवन मिशन के तहत बिहार

में 96 प्रतिशत घरों में पानी पहुंचा और बंगाल में सिर्फ 39 प्रतिशत लोगों को ही पानी मिल पाया। भाजपा बंगाल में आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का स्वास्थ्य का खर्चा निशुल्क देना चाहती है लेकिन ममता बनर्जी बंगाल में योजना लागू नहीं होने देती हैं। ममता बनर्जी ने सन्यासियों पर आरोप लगाया है कि भारत सेवाश्रम संघ और रामकृष्ण मिशन तृणमूल हराने का काम कर रहे हैं लेकिम ममता दीदी को शायद पता नहीं होगा कि भारत सेवाश्रम संघ औऱ स्वामी प्रणवानंद अगर न होता तो आज बंगाल, बांग्लादेश का हिस्सा होता। **चुनाव जीतने के लिए टीएमसी त्यागी, तपस्वी और सन्यासियों पर हमला करने का काम बंद करे, क्योंकि वैसे भी तृणमूल कांग्रेस चुनाव नहीं जीतने वाली है।** आदरणीय प्रधानमंत्री जी इस देश के 80 करोड़ गरीबों को प्रतिमाह 5 किलो चावल दे रहे हैं, 12 करोड़ शौचालय बनाए, 4 करोड़ लोगों को घर दिया, 10 करोड़ लोगों को उज्ज्वला योजना तहत गैस कनेक्शन दिया और 14 करोड़ लोगों को नल से जल दिया जबकि **ममता बनर्जी ने कट मनी, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट राज, घुसपैठ, कोयला तस्करी और गाय तस्करी को बढ़ावा दिया। एक बार बंगाल की जनता भारतीय जनता पार्टी की सरकार बना दे, यह सब बंद करके आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी बंगाल को 'सोनार बांग्ला' बनाएंगे। बंगाल की जनता को लाठी का जवाब लोकतंत्र से देना है।**

श्री शाह ने कहा कि आज **पूरा देश संदेशखाली की घटना से आहत है, एक महिला मुख्यमंत्री की नाक के नीचे धर्म के आधार पर सालों तक माताओं-बहनों पर अत्याचार हुए। आरोपी ममता बनर्जी के वोटबैंक हैं इसलिए उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की।** ममता बनर्जी को शर्म आनी चाहिए कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए हाईकोर्ट को मामले में दखल देना पड़ा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही एक-एक दोषी को सजा दिलाने का कार्य किया जाएगा। **सतीश रे ने एक फिल्म बनाई थी 'हीरक राजार देशे' यदि आज वे होते तो 'हीरक रानी' नाम की फिल्म बनाते।** घमंडिया गठबंधन के पास प्रधानमंत्री का चेहरा ही नहीं है, जब उनके नेता से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के नेता बारी-बारी से एक-एक साल तक प्रधानमंत्री रहेंगे। बारी-बारी प्रधानमंत्री बनाने से देश नहीं चल सकता। कोरोना जैसी आफत में ये देश को नहीं बचा सकते। इंडी गठबंधन के पास न नेता है न नीयत है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि कांथी में शिशिर अधिकारी और शुभेन्दु अधिकारी ने रामनगर में पुल का निर्माण कराया, 4 लेन ओवर ब्रिज बनवाया, हल्दिया बंदरगाह तक रोड बनाया, रानीगंज बाईपास की 410 करोड़ की मंजूरी दिलाई, एक मेडिकल कॉलेज बना, 22000 हजार आवास दिए, तमलुक से 1100 से भारत पेट्रोलियम का टर्मिनल बनाया, 18 लाख लोगों को मुफ्त चावल दिए, 7 लाख 50 हजार माताओं को सिलेंडर दिया और 2 लाख 15 हजार घरों में नल से जल पहुंचाने का काम आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया। भाजपा ने घाटल में भी ढेर सारे कार्य किए हैं। 410 केरोड़ की लागत से रानीगंज बाईपास बन रहा है, रानीगंज से दालखोलाखंड का उद्घाटन हो चुका है, कलाईकुंडा और झाड़ग्राम के बीच 5 बड़े और 43 छोटे पुल बनाए गए हैं। **पिछली बार श्री शुभेन्दु ने इस क्षेत्र से ममता बनर्जी को हरा दिया और वो दूसरे रास्ते से मुख्यमंत्री बनीं, लेकिन इस बार जनता इतने प्रचंड बहुमत से हराएगी कि उनका दूसरा रास्ता भी बंद हो जाए।** बंगाल में भाजपा की 30 सीट खुशहाल और सोनार बांग्ला का रास्ता प्रशस्त करेगी। श्री अमित शाह ने स्थानीय भाजपा प्रत्याशी के साथ-साथ पूरे पश्चिम बंगाल में 30 सीटों पर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशियों को विजयी बनाकर आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

********************